## कार्यपत्र-18

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) स्वर संधि के कितने भेद हैं? (i) पाँच ✓

(ख) 'भानूदय' शब्द किस संधि भेद का उदाहरण है? (iii) दीर्घ संधि ✓

(ग) 'यदि + अपि' की संधि होगी– (ii) यद्यपि ✓

(घ) 'निः + संदेह' की संधि क्या होगी? (iii) निस्संदेह ✓

(ङ) 'सच्चरित्र' शब्द में कौन-सी संधि है? (ii) व्यंजन संधि ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) दो वर्णों के परस्पर मिलने से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे संधि कहते हैं। जैसे– विद्या + अर्थी = विद्यार्थी।

(ख) दो समान स्वर जब पास-पास आते हैं तो मिलकर उसी वर्ण का दीर्घ स्वर बन जाते हैं। इसे दीर्घ संधि कहते हैं। जैसे– हिम + आलय = हिमालय।

(ग) व्यंजन तथा स्वर के, स्वर तथा व्यंजन के या व्यंजन तथा व्यंजन के मेल से जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं। जैसे– दिक् + अंबर = दिगंबर।

**3. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | लोकैषणा | लोक + एषणा | (ख) | स्वेच्छा | स्व + इच्छा |
| (ग) | रजनीश | रजनी + ईश | (घ) | स्वल्प | सु + अल्प |
| (ङ) | उज्ज्वल | उत् + ज्वल | (च) | धर्मात्मा | धर्म + आत्मा |
| (छ) | मनोरंजन | मनः+ + रंजन | (ज) | भावुक | भौ + उक = भावुक |
| (झ) | मात्रादेश | मातृ + आदेश | (ञ) | उल्लास | उत् + लास = उल्लास |

**4. निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | दिक् + गज | दिग्गज | (ख) | नै + इका | नायिका |
| (ग) | षट् + आनन | षडानन | (घ) | निः + पाप | निष्पाप |
| (ङ) | प्रति + उपकार | प्रत्युपकार | (च) | उत् + हरण | उद्धरण |
| (छ) | जगत् + ईश | जगदीश | (ज) | दुः + कर | दुष्कर |
| (झ) | पो + अन | पवन | (ञ) | अनु + इति | अन्विति |

**5. निम्नलिखित शब्दों का संधि-भेद लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मनोबल | विसर्ग संधि | (ख) | अन्वेषण | यण संधि |
| (ग) | सद्गति | व्यंजन संधि | (घ) | सदैव | वृद्धि संधि |
| (ङ) | व्यूह | यण संधि | (च) | दंतौष्ठ | वृद्धि संधि |
| (छ) | अत्याचार | यण संधि | (ज) | नाविक | अयादि संधि |